Arts and Culture Society 2023
Convenor: Prof. Deepak Kalia

'ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज' की कला एवं संस्कृति सभा' ने वर्ष 2022-2023 में अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए| ये कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के सहयोग तथा प्राचार्य के नेतृत्व में आयोजित किए गए –

गतिविधियाँ

1. कॉलेज की ' कला एवं संस्कृति सभा' ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया | यह आयोजन 13 अगस्त 2022 को कॉलेज के प्रांगण तथा सभागार में आयोजित किया गया| कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि माननीय श्री सुरेश जैन ने ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान के साथ किया| कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सुषमा यादव जी विराजमान रहीं| कार्यक्रम में अन्य सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया| गवर्निंग बॉडी (शासी निकाय) के अध्यक्ष प्रो. अनिल अनेजा तथा कोषाध्यक्ष प्रो. अमित बरधान भी इस अवसर पर उपस्थित थे| कार्यक्रम का सफल आयोजन माननीय प्राचार्य प्रो. नरेंद्र सिंह जी की देख रेख में हुआ|

2. 'कला एवं संस्कृति सभा' तथा 'इन्डियन कॉन्सिल फॉर कलचरल थियटर' के संयुक्त तत्त्वावधान में 9 सितम्बर 2022 को कॉलेज सभागार में जार्जिया से आए कलाकारों ने अपनी नाट्यप्रस्तुति दी| यह प्रस्तुति तबलिसी अख्मेटेली स्टेट ड्रामा थियटर जार्जिया ने की| यह कार्यकर्म सांस्कृतिक आदान– प्रदान को ध्यान में रखते हुए किया गया|

3. जाकिर हुसैन दिल्ली महाविद्यालय की कला एवं संस्कृति सभा ने एक सप्ताह के लिए नृत्य परिक्षण कार्यशालाओं का सफल आयोजन अक्टूबर 2022 में किया| इन कार्यशालाओं में अपनी अपनी कला में पारंगत कलाकारों ने शिरकत की | साथ ही दिल्ली विश्वविदयालय के भी कुछ माननीय सदस्य इसमें उपस्थित रहें|

*4. जाकिर हुसैन दिल्ली महाविद्यालय की 'कला एवं संस्कृति सभा' ने वार्षिकोत्सव '**निनाद**' का आयोजन 20 अप्रेल 2023 को किया| इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ पारुल पुरोहित वत्स थी| कार्यक्रम में शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो अनिल अनेजा भी उपस्थित रहें| महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र सिंह के नेतृत्त्व में यह कार्यक्रम संम्पन हुआ|*

उपलब्धियाँ

कला एवं संस्कृति सभा एक ऐसी सभा है जो विद्यार्थियों को अपनी कला निखारने का एक मंच प्रस्तुत करती है| विद्यार्थियों के बिना कार्यक्रमों का सफल हो पाना असम्भव है| विद्यार्थियों ने न केवल कॉलेज के कार्यकर्मों को सफल बनाने में महती भूमिका अदा की वरन उन्होंने बाहरी संस्थानों द्वारा भी अनेकानेक पुरस्कार प्राप्त किए| हमारे विद्यार्थियों की उपलब्धियों की फेहरिस्त बहुत लम्बी है इस कारण सभी उपलब्धियों का उल्लेख कर पाना तो कठिन है पर कुछेक का उल्लेख किया जा रहा है| कला एवं संस्कृति सभा के अंतर्गत विद्यार्थियों की छः उपसभाएं हैं ।उनकी उपलब्धियाँ संषेप में इस प्रकार हैं-

ध्वनिक *– जाकिर हुसैन दिल्ली महाविद्यालय की कला एवं संस्कृति सभा के अंतर्गत,भारतीय क्लासिकल म्यूजिक सोसाइटी ध्वनिक ने वर्ष 2022 – 2023 में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं|इन्होने दिल्ली विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के बाहर अनेक कार्यकर्मों में शिरकत की| भीमराव अम्बेडकर कॉलेज में प्रथम पुरस्कार, जे.एम् सी व् पी जी डी ए वि कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किए|इसी तरह अनेक पुरस्कार प्राप्त किए|*

नृत्यति *– 'कला एवं संस्कृति सभा' के अंतर्गत नृत्यति क्लासिक नृत्य सोसाइटी ने 2022 – 2023 में अनेक शानदार प्रस्तुतियां दी| इन्होने अनेक पुरस्कार प्राप्त किए है| नृत्यति ने दिल्ली विश्वविद्यालय तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के बाहर प्रतियोगितायों में भी भाग लिया| एम्स तथा एस आर सी सी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तथा अन्य अनेक पुरस्कार प्राप्त किए|*

सुचित्रा *– 'कला एवं संस्कृति सभा' के अंतर्गत आने वाला चित्रकला सोसाइटी सुचित्रा ने वर्ष 2022 -2223 में अत्यधिक पुरस्कार प्राप्त किए|इन्होने अनेक संस्थानों से प्रथम,द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त किए तथा अनेक संस्थानों द्वारा स्पेशल मेंशन प्राप्त किया|*

धनक *– यह 'कला एवं संस्कृति सभा' के अंतर्गत आने वाली वेस्टर्न मुजिकल सोसाइटी है|यह अपने हिप हॉप तथा M J के लिए लोकप्रिय है| वर्ष 2022 2023 में धनक ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की है|एम्स एवं अशोका यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान प्राप्त किया |दयाल सिंह कॉलेज के महोत्सव में दूसरा स्थान प्राप्त किया |साथ ही पूरे वर्ष अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा कार्यशालाएँ भी आयोजित कराईं |*

अलुम *– 'कला एवं संस्कृति सभा' के अंतर्गत अलुम सोसाइटी ने वर्ष 2022 – 2023 में अनेक प्रतियोगिताओं में दिल्ली विश्वविद्यालयों में तथा अन्य विश्वविद्यालयों में भाग लिया| 'एकल गायन' प्रतियोगिता में अनेक पुरुस्कार प्राप्त किए| IIT रूड़की व् एम्स में आयोजित कार्यक्रम में भी स्थान हासिल किया|*

अमन *– कला एवं संस्कृति के अंतर्गत अमन थियेट्रिकल सोसाइटी है|वर्ष 2022-2023 में अमन ने कुछ प्रस्तुतियां दी| सबसे पहली प्रस्तुति स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'गगन दमामा बाज्यो' नाटक की दी|'अमन' सोसाइटी ने रूड़की में 'कोठायी दुर्गा' नाटक का सफल मंचन किया|मोनो लॉग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार प्राप्त किया|'एक कहानीकार' नाटक की प्रस्तुति लेडीइर्विन कॉलेज तथा हिन्दू कॉलेज में की|*